BRITISH COLUMBIA HealthLinkBC

Hindi - Number 23c
July 2022

# मेनिंजोकोकल बी (मेन-बी) वैक्सीन

## Meningococcal B (Men-B) Vaccine

टीकाकरण ने पिछले 50 वर्षों में कनाडा में किसी भी अन्य स्वास्थ्य उपाय से अधिक जीवन बचाए हैं।

### मेन-बी वैक्सीन क्या है?

मेन-बी वैक्सीन सबसे आम प्रकार के मेनिंजोकोकल बैक्टीरिया, टाइप बी संक्रमण से बचाता है। वैक्सीन को हेल्थ कैनेडा द्वारा अनुमोदित किया गया है।

मेन-बी वैक्सीन बी.सी. में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का हिस्सा नहीं है। हालांकि, मेनिंजोकोकल सी रोग के लिए वैक्सीन नियमित रूप से शिशुओं को प्रदान की जाती है और एक वैक्सीन जो मेनिंजोकोकल टाइप ए, सी, वाई और डब्ल्यू से बचाती है, ग्रेड 9 में छात्रों को प्रदान की जाती है। ये दोनों वैक्सीनें मुफ्त में दी जाती हैं। अधिक जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #23a मेनिंजोकोकल सी कंजुगेट (मेन-सी) वैक्सीन और HealthLinkBC File #23b मेनिंजोकोकल क्वाड्रिवेलेंट वैक्सीनें देखें।

### वैक्सीन किसको दी जानी चाहिए?

बी.सी. में, मेन-बी वैक्सीन उन 2 महीने और उससे अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त प्रदान की जाती है जो मेनिंजोकोकल बी रोग के किसी केस के निकट संपर्क में रहे हैं।

जिन लोगों को कुछ मैडिकल स्थितियों के कारण मेनिंजोकोकल बी संक्रमण का खतरा है, उनके लिए वैक्सीन की सिफारिश की जाती है, लेकिन मुफ्त प्रदान नहीं की जाती है, जिनमें शामिल हैं:

- जिनकी तिल्ली (spleen) नहीं, या तिल्ली जो ठीक से काम नहीं कर रही है
- जिनको पूरक, प्रोपर्डिन (properdin), फैक्टर डी या प्राथमिक एंटीबॉडी की कमी सहित प्रतिरक्षा प्रणाली विकार हैं

वैक्सीन की सिफारिश की जाती है, लेकिन निम्नलिखित लोगों के लिए मुफ्त प्रदान नहीं की जाती है:

- प्रयोगशाला कर्मचारी जो नियमित रूप से मेनिंजोकोकल बैक्टीरिया के संपर्क में आते हैं
- सैन्य कर्मचारी
- ऐसे क्षेत्र में यात्रा करने वाले लोग जहां मेनिंजोकोकल बी रोग का खतरा अधिक होता है

उच्च जोखिम वाले यात्रा क्षेत्रों की जानकारी के लिए किसी ट्रैवल क्लिनिक से संपर्क करें।

यदि आप मेनिंजोकोकल बी रोग से सुरक्षित रहना चाहते हैं, तो आप कुछ यात्रा क्लीनिकों और फार्मेसियों में वैक्सीन खरीद सकते हैं।

वैक्सीन 2, 3 या 4 खुराक की श्रृंखला के रूप में इंजेक्शन द्वारा दी जाती है। खुराकों की संख्या इस बात पर निर्भर करती है कि टीकाकरण श्रृंखला शुरू होने पर आप कितने साल के हैं। अधिक जानकारी के लिए अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

प्राप्त किए गए सभी टीकाकरणों का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है।

### वैक्सीन लगवाने के क्या लाभ हैं?

वैक्सीन मेनिंजोकोकल बी संक्रमण, जो की एक गंभीर और कभी-कभी घातक बीमारी है, के खिलाफ दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करती है।

### वैक्सीन के बाद की संभावित प्रतिक्रियाएं क्या हैं?

वैक्सीनें बहुत सुरक्षित हैं। वैक्सीन प्राप्त करना मेनिंजोकोकल बीमारी से ग्रस्त होने से कहीं अधिक सुरक्षित है।  वैक्सीन के लिए सामान्य प्रतिक्रियाओं में वैक्सीन लगाए जाने वाले स्थान पर पीड़ा, लाली, और सूजन शामिल हो सकती हैं। बुखार, चिड़चिड़ापन, उनींदापन, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द भी हो सकता है। ये प्रतिक्रियाएं हल्की होती हैं और आम तौर पर 1 से 2 दिनों तक रहती हैं।

यदि मेन-बी वैक्सीन बचपन की अन्य नियमित वैक्सीनों के साथ दी जाती है, तो 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बुखार सहित प्रतिक्रियाएं अधिक आम हैं।

बुखार या पीड़ा के लिए एसिटामिनोफेन (उदाहरणार्थ टायलेनॉल®) या इबुप्रोफेन* (उदाहरणार्थ एडविल®) दी जा सकती है। रे सिंड्रोम के जोखिम के कारण ASA (उदाहरणार्थ एस्पिरिन®) 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिए।

*6 महीने से कम उम्र के बच्चों को पहले अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात किए बिना इबुप्रोफेन नहीं दी जानी चाहिए।

रे सिंड्रोम के बारे में जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #84 रे सिंड्रोम देखें।

किसी भी वैक्सीन को प्राप्त करने के बाद 15 मिनट तक क्लिनिक में रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि एनाफिलेक्सिस नामक एक जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जिक प्रतिक्रिया की अत्यंत दुर्लभ, एक मिलियन में से 1 से कम, संभावना हो सकती है। इसमें पित्ती (hives), सांस लेने में कठिनाई या गले, जीभ या होंठ में सूजन शामिल हो सकती हैं। यदि यह प्रतिक्रिया होती है, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इसका इलाज करने के लिए तैयार है। आपातकालीन उपचार में एपिनेफ्रीन (एड्रेनालाईन) दिए जाना और एम्बुलेंस द्वारा निकटतम आपातकालीन विभाग में स्थानांतरण शामिल है। यदि लक्षण आपके क्लिनिक से जाने के बाद विकसित होते हैं, तो **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर को कॉल करें।

गंभीर या अप्रत्याशित प्रतिक्रियाओं के बारे में हमेशा अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताना महत्वपूर्ण है।

## मेन-बी वैक्सीन किसको नहीं लगवानी चाहिए?

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि:

- आपके बच्चे को मेनिंजोकोकल वैक्सीन की पिछली खुराक, या केनामाइसिन सहित मेन-बी वैक्सीन के किसी भी हिस्से के प्रति जानलेवा प्रतिक्रिया हुई है।
- सोलिरिस® (Soliris®) दवा ले रहे हैं

जुकाम या अन्य हल्की बीमारी के कारण टीकाकरण में देरी करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, अगर आपको चिंताएं है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

## मेनिंजोकोकल बी संक्रमण क्या है?

मेनिंजोकोकल बी संक्रमण मेनिंजोकोकल टाइप बी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह मेनिन्जाइटिस, मस्तिष्क को कवर करने वाले अस्तर का संक्रमण और सेप्टीसीमिया, रक्त के संक्रमण सहित गंभीर और जानलेवा संक्रमण पैदा कर सकता है। संक्रमण की स्थायी जटिलताओं में मस्तिष्क क्षति, बहरापन और अंगों का नुकसान शामिल है। बीमार होने वाले 20 में से लगभग 1 व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

मेनिंजोकोकल संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक खांसने, छींकने या आमने-सामने नज़दीकी संपर्क करने से फैलता है। यह लार के जरिए भी फैल सकता है। बच्चे और छोटे बच्चे अन्य बच्चों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले सूदर, बोतलें या खिलौने साझा करने से बीमार हो सकते हैं। चुंबन या भोजन, पेय, सिगरेट, लिपस्टिक, पानी की बोतलें, खेल के लिए उपयोग किए जाने वाले माउथ गार्ड या संगीत वाद्ययंत्र के मुखपत्रों को सांझा करने जैसी गतिविधियों के माध्यम से बड़े बच्चे और वयस्क बीमार हो सकते हैं।

## परिपक्व नाबालिग सहमति

यह अनुशंसा की जाती है कि माता-पिता या अभिभावक और उनके बच्चे टीकाकरण के लिए सहमति पर चर्चा करें। 19 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जो प्रत्येक वैक्सीन के लाभों और संभावित प्रतिक्रियाओं और टीकाकरण करवाने के जोखिम को समझने में सक्षम हैं, कानूनी रूप से टीकाकरण के लिए सहमति दे सकते हैं या मना कर सकते हैं। परिपक्व नाबालिग सहमति के बारे में अधिक जानकारी के लिए HealthLinkBC File#119 द इन्फेन्टस ऐक्ट, परिपक्व नाबालिग सहमति और टीकाकरण देखें।

BC Centre for Disease Control
Provincial Health Services Authority